CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 28 | बिजौलिया - शुक्रवार,28 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## खेलों से बदलेगा राजस्थान के युवाओं का भविष्य, हर जिले में एक खेल को मिलेगा बढ़ावा

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां , 3,540 खिलाड़ियों को 52 करोड़ की प्रोत्साहन राशि, 50 खेलो इंडिया केंद्र स्थापित**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी पूंजी है और युवाओं के धैर्य, आत्मविश्वास तथा अथक परिश्रम से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'माय भारत खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री जयपुर के सुबोध पीजी कॉलेज से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना।

मुख्यमंत्री ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस उनके अद्वितीय योगदान और खेल के प्रति समर्पण को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। अब गांव-गांव की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच मिल रहा है।





**36 हजार करोड़ की संशोधित योजना से खेलों को नई दिशा**

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है कि देश को पदक तभी मिलते हैं, जब देश में खेल संस्कृति का निर्माण होता है। केन्द्र सरकार की संशोधित खेलो इंडिया योजना में 36 हजार करोड़ रुपये के व्यय से देश में खेलों को नई दिशा मिलेगी। वर्ष 2014 के बाद देश के खेल परिदृश्य में बड़ा बदलाव आया है और भारत खेलों के क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

**राजस्थान में खेल सुविधाओं का हो रहा विस्तार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। राज्य में 50 खेलो इंडिया केन्द्र स्थापित किए गए हैं। सवाई मानसिंह स्टेडियम में एथलेटिक्स, तीरंदाजी और बॉक्सिंग के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जा रहे हैं। वहीं जयपुर में करीब 101 करोड़ रुपये की लागत से महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 186 खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में नियुक्तियां दी गई हैं। राज्य सरकार अब तक 3,540 खिलाड़ियों को करीब 52 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन एवं सहायता राशि दे चुकी है।

**खेलो इंडिया में राजस्थान का शानदार प्रदर्शन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2025 का सफल आयोजन हुआ, जिसमें सात शहरों में 222 विश्वविद्यालयों के करीब 7 हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। वहीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 में राजस्थान के खिलाड़ियों ने 60 पदक जीतकर देश में तीसरा स्थान हासिल किया।

उन्होंने हाल ही में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली अरुंधति चौधरी और कांस्य पदक विजेता यशवीर सिंह की सराहना करते हुए कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

**हर जिले में एक खेल को मिलेगा प्रोत्साहन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान युवा नीति-2026 के माध्यम से युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल, खेल और नेतृत्व विकास के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं। 'एक जिला-एक खेल' के तहत प्रत्येक जिले में एक खेल को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। ओलंपिक में पदक जीतने के लक्ष्य के साथ राजस्थान टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम शुरू की गई है। विभागीय अकादमियों के खिलाड़ियों का मैस भत्ता भी 2,600 से बढ़ाकर 4,000 रुपये प्रतिमाह किया गया है।

**युवाओं के लिए रोजगार और भर्ती पर भी जोर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार काम कर रही है। भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया गया है। अब तक 410 परीक्षाएं बिना पेपर लीक के आयोजित की जा चुकी हैं और 1 लाख 89 हजार से अधिक नियुक्तियां दी गई हैं। वहीं 1 लाख 22 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है और 70 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी चल रही है। निजी क्षेत्र में भी साढ़े चार लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की बात उन्होंने कही।

उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे मेहनत और लगन के साथ अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ें। राज्य सरकार खेल सहित हर क्षेत्र में युवाओं को बेहतर अवसर और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने छठीं एशियन अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता लक्षिता, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के रजत पदक विजेता मानव शर्मा, राज्य अंडर-23 के स्वर्ण पदक विजेता अविरल तिवारी तथा एचसीएल 81वीं राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप की प्रतिभागी भूमिका पारीक से संवाद कर उनके अनुभव और सुझाव सुने। कार्यक्रम में सांसद राव राजेन्द्र सिंह, मंजू शर्मा सहित खेल जगत के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## 23 साल से फरार 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**2500 किलो अवैध डोडाचूरा तस्करी मामले में था वांछित, साइबर सेल की मदद से पुलिस ने दबोचा**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

पुलिस थाना प्रतापनगर में दर्ज 2500 किलो अवैध डोडाचूरा तस्करी के मामले में पिछले 23 वर्षों से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी में भीलवाड़ा साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस ने प्रतापनगर थानाधिकारी सुनील ताड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम और साइबर सेल को लगाया था।

पुलिस के अनुसार 10 जून 2003 को प्रतापनगर थाना क्षेत्र में 2500 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा से भरा एक ट्रक लावारिस हालत में खड़ा मिला था। मामले में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जांच के दौरान सामने आए आरोपियों में से एक देवाराम विश्नोई पुत्र मानाराम विश्नोई निवासी झोलियाली, थाना झांवर, जिला जोधपुर लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने लगातार प्रयास करते हुए साइबर तकनीकी सहायता से आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

कार्रवाई में प्रतापनगर थानाधिकारी सुनील ताड़ा, साइबर सेल के सहायक उप निरीक्षक आशीष कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल दीपक जांगिड़, चंद्रपाल सिंह, किशोर सिंह तथा कांस्टेबल पिंटू कुमार शामिल रहे।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी 23 वर्ष पुराने डोडाचूरा तस्करी के मामले में वांछित था और उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

## नगर निकाय चुनाव 2026: पहले दिन 45 नामांकन, 43 उम्मीदवार मैदान में

**भीलवाड़ा नगर निगम में सबसे ज्यादा 11 नामांकन, जहाजपुर में 8 और शाहपुरा में 9 नामांकन दाखिल**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा, ।**

नगर निकाय चुनाव 2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन जिले के नगरीय निकायों में कुल 45 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिनमें 43 उम्मीदवार शामिल हैं। पहले दिन सबसे अधिक नामांकन भीलवाड़ा नगर निगम में 11, शाहपुरा में 9, जहाजपुर में 8 और मांडलगढ़ में 7 नामांकन दाखिल हुए।

जिले की अन्य निकायों में आसींद में 4, गंगापुर में 3, बिगोद, गुलाबपुरा और हमीरगढ़ में 1-1 नामांकन दाखिल हुआ। वहीं बनेड़ा और बिजोलिया नगर पालिका में पहले दिन एक भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। नामांकन की स्थिति के अनुसार आसींद में 4 नामांकन व 4 उम्मीदवार, भीलवाड़ा नगर निगम में 11 नामांकन व 11 उम्मीदवार, बिगोद में 1-1, गंगापुर में 3-3, गुलाबपुरा में 1-1, हमीरगढ़ में 1-1, जहाजपुर में 8 नामांकन व 7 उम्मीदवार, मांडलगढ़ में 7 नामांकन व 6 उम्मीदवार तथा शाहपुरा में 9 नामांकन व 9 उम्मीदवार रहे।

**4.45 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान**

जिले के नगरीय निकायों में कुल 4,45,162 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 2,24,786 पुरुष, 2,20,362 महिलाएं और 14 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। सबसे अधिक मतदाता भीलवाड़ा नगर निगम क्षेत्र में 2,96,682 हैं। इसके बाद शाहपुरा में 23,438 और गुलाबपुरा में 21,895 मतदाता दर्ज हैं।

बिजोलिया में 13,153, जहाजपुर में 16,627, आसींद में 16,671, गंगापुर में 14,315, बिगोद में 13,675, मांडलगढ़ में 11,113, हमीरगढ़ में 9,028 तथा बनेड़ा में 8,565 मतदाता हैं।

## ई-वे बिल में गड़बड़ी पर 29 वाहन जब्त, 16 ट्रांसपोर्टरों पर कार्रवाई

**10 दिन में पकड़े वाहन; बिना ई-वे बिल या कम मात्रा-मूल्य दर्शाकर माल परिवहन का मामला, कर-ब्याज और दंड की होगी वसूली**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राज्य में माल परिवहन के दौरान ई-वे बिल के नियमों की अनदेखी करने वाले ट्रांसपोर्टरों पर वाणिज्यिक कर विभाग ने शिकंजा कस दिया है। विभाग की प्रवर्तन टीमों ने पिछले 10 दिनों में 16 अलग-अलग ट्रांसपोर्टरों के 29 वाहन अनियमितताओं के चलते पकड़े हैं। इनमें कई वाहन बिना आवश्यक ई-वे बिल के माल परिवहन करते मिले, जबकि कुछ मामलों में ई-वे बिल में वास्तविक माल की तुलना में कम मात्रा या कम मूल्य दर्शाया गया था। विभाग ने सभी पकड़े गए वाहनों को नियमानुसार जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वाहनों में लदे माल और संबंधित दस्तावेजों का विस्तृत सत्यापन किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद देय कर, ब्याज और दंड की राशि निर्धारित की जाएगी।

**प्रमुख ट्रांसपोर्टरों के वाहन भी जांच के घेरे में**

प्रवर्तन टीमों ने पिछले तीन दिनों में कई प्रमुख ट्रांसपोर्टरों के वाहनों में ई-वे बिल संबंधी अनियमितताएं पकड़ी हैं। कार्रवाई की जद में जड़िया ट्रांसपोर्ट, पूजा रोड कैरियर्स, बालाजी ट्रांसपोर्ट, टीएफसी, ओम शिव ट्रांसपोर्ट, शक्ति, उदयपुर गोल्डन, शेखावाटी ट्रांसपोर्ट कंपनी और यू ट्रांस लॉजिस्टिक सहित अन्य ट्रांसपोर्टर आए हैं। कुछ ट्रांसपोर्टरों के एक से अधिक वाहन भी अनियमितता में पकड़े गए हैं।

**कर चोरी की आशंका, माल और दस्तावेजों का मिलान**

प्रारंभिक जांच में कुछ मामलों में कर चोरी की मंशा से बिना ई-वे बिल माल परिवहन किए जाने की आशंका सामने आई है। वहीं कुछ मामलों में ई-वे बिल में वास्तविक माल की तुलना में कम मात्रा अथवा मूल्य दर्ज किया गया। विभाग की टीमें वाहनों में लदे माल, ई-वे बिल और अन्य दस्तावेजों का आपस में मिलान कर रही हैं।

**ट्रांसपोर्टरों को साफ चेतावनी**

वाणिज्यिक कर विभाग ने व्यवसायियों और ट्रांसपोर्टरों को स्पष्ट किया है कि ई-वे बिल में माल की वास्तविक मात्रा, वास्तविक मूल्य और परिवहन से जुड़ा सही विवरण दर्ज करना अनिवार्य है। बिना ई-वे बिल माल परिवहन करने या जानबूझकर कम मात्रा-मूल्य दर्शाकर कर देयता कम करने के प्रयासों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

विभाग के अनुसार ई-वे बिल व्यवस्था के प्रभावी अनुपालन से कर चोरी पर अंकुश लगाने के साथ ईमानदारी से कारोबार करने वाले करदाताओं को भी अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाया जा सकेगा। राज्यभर में माल परिवहन की निगरानी और जांच लगातार जारी है।

## नेपाल में बाढ़ के बाद भीलवाड़ा प्रशासन सतर्क, कंट्रोल रूम सक्रिय

**परिजनों को उपलब्ध कराई जाएगी नेपाल में फंसे या प्रभावित जिलेवासियों की जानकारी और सहायता**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

नेपाल के रसुवा क्षेत्र में 26 अगस्त को भोटेकोशी नदी में आई आकस्मिक बाढ़ के बाद पर्यटकों एवं यात्रियों के प्रभावित होने और लापता होने की घटनाओं को देखते हुए भीलवाड़ा जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। नेपाल भ्रमण पर गए जिले के नागरिकों के संबंध में उनके परिजनों को आवश्यक सहायता एवं जानकारी उपलब्ध कराने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय किया गया है।



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर स्थापित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से नेपाल गए जिले के नागरिकों से संबंधित सूचनाएं एकत्र की जा रही हैं। यदि किसी परिवारजन का नेपाल में गए अपने परिजन से संपर्क नहीं हो पा रहा है अथवा उसके फंसे या प्रभावित होने की आशंका है, तो परिजन संबंधित व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर, नेपाल में संभावित स्थान तथा यात्रा या टूर ऑपरेटर से जुड़ी उपलब्ध जानकारी प्रशासन को उपलब्ध करा सकते हैं।

जिला प्रशासन ने परिजनों से अपील की है कि ऐसी किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उपलब्ध जानकारी तत्काल प्रशासन को दें, ताकि संबंधित व्यक्ति के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटाकर सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा सके।

प्रशासन नेपाल में गए जिलेवासियों की कुशलक्षेम को लेकर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।


राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ




CMYK

# अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई एक ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव ):-** थाना क्षेत्र के खरेड़ गांव के पास बनास नदी से अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई करते हुए गुरुवार सुबह सवाईपुर चौकी पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया । बड़लियास थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया की थाना क्षेत्र के खरेड़ गांव के पास से गुजर रही बनास नदी के पास कच्चे रास्ते पर अवैध बजरी परिवहन करते एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया और माइनिंग विभाग को इसकी सूचना दी । इस कार्रवाई मे दीवान सांवलदान, कांस्टेबल नरेश कुमार व कमल कुमार शामिल रहे ।।



# छात्राओं ने पुलिस जवानों को बांधा रक्षा सूत्र

## रक्षाबंधन पर पुलिसकर्मियों के प्रति जताया सम्मान, सुरक्षा और सेवा के संकल्प को किया मजबूत



भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर गुरुवार को स्थानीय स्कूल की छात्राओं ने पंडेर पुलिस थाने पहुंचकर थाना प्रभारी सहित पुलिस जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को भाई मानते हुए उनके प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया तथा उनकी सेवाओं के लिए आभार जताया। इस दौरान छात्राओं ने कहा कि पुलिस जवान दिन-रात अपनी जान जोखिम में डालकर आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। त्योहारों के दौरान भी पुलिसकर्मी अपने परिवार से दूर रहकर ड्यूटी निभाते हैं, ताकि आमजन सुरक्षित तरीके से पर्व मना सकें।

रक्षाबंधन के अवसर पर छात्राओं द्वारा पुलिसकर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके समर्पण और सेवा भाव को सम्मान दिया गया। इस पहल से पुलिस जवानों और छात्राओं के बीच आत्मीयता का भाव भी देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी इस भावनात्मक पहल की सराहना की।

# पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय को भेंट किया स्पीकर



भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

कस्बे के पंडेर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के पुराने विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए स्पीकर भेंट किया। विद्यालय में पढ़े भामाशाह हर्षित शर्मा, शिवराज कुम्हार, शुभम सुखवाल, किशन भाट, पवन पाराशर, मनीष प्रजापत एवं अजय शर्मा ने विद्यालय पहुंचकर यह स्पीकर उपहार स्वरूप प्रदान किया।

इस अवसर पर पुराने विद्यार्थियों ने अपने छात्र जीवन की पुरानी यादें ताजा कीं और वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें मेहनत एवं लगन के साथ शिक्षा प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय से मिली शिक्षा और संस्कार जीवन की मजबूत नींव तैयार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद रहे।

# माण्डलगढ़ नगर निकाय चुनाव में निर्दलीय बिगाड़ेंगे राजनीतिक दलों के समीकरण, पहले दिन 6 प्रत्याशियों ने भरे 7 नामांकन



भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।

नगर पालिका चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन के पहले दिन ही छह प्रत्याशियों ने सात नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनाव मैदान में निर्दलीय प्रत्याशियों की सक्रियता से राजनीतिक दलों के समीकरण बिगड़ने की संभावना जताई जा रही है। वहीं कई वार्डों में त्रिकोणीय एवं बहुकोणीय मुकाबले के आसार बनने लगे हैं।

नामांकन के पहले दिन वार्ड संख्या 3 से भाजपा की महिला नेता अनीता सुराणा ने दो नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं वार्ड संख्या 4 से जमनालाल माली, वार्ड संख्या 6 से लालाराम मीणा, वार्ड संख्या 9 से प्रियंका सोमानी, वार्ड संख्या 16 से शीतल चावरिया तथा वार्ड संख्या 19 से अंकिता वर्मा ने एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया।

सभी प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी स्वाति झा के समक्ष प्रस्तुत किए। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनावी माहौल में हलचल बढ़ गई है। प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में मतदाताओं से संपर्क साधने और समर्थन जुटाने में जुट गए हैं।

**निर्दलीय प्रत्याशियों पर रहेगी नजर,,,**

नगर पालिका चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों की भूमिका इस बार महत्वपूर्ण मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर मजबूत जनाधार रखने वाले निर्दलीय प्रत्याशी राजनीतिक दलों के अधिकृत प्रत्याशियों के सामने चुनौती पेश कर सकते हैं। ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशी कई वार्डों में जीत-हार के समीकरण को प्रभावित कर सकते हैं।

नामांकन प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ चुनावी तस्वीर और अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है। राजनीतिक दल भी अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रणनीति बनाने में जुट गए हैं। अब निगाहें आगामी दिनों में दाखिल होने वाले नामांकन पत्रों और प्रत्याशियों की अंतिम सूची पर टिकी हैं। चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों की संख्या सामने आने के बाद वार्डवार मुकाबले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

# जीवन में जिसने नाम तत्व ओर मर्म को जान लिया उसकी भक्ति सार्थक -आचार्य रामदयालजी महाराज

## संसार में विरले होते है जो बिना नाम व फोटो की चाह के भक्ति व सेवा कार्य करते है





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जीवन के विभिन्न कार्यो में सहयोग की अपेक्षा हो सकती है लेकिन प्रभु नाम भक्ति में किसी तरह के सहयोग की जरूरत नहीं होती है। राम नाम सुनना ओर लेना सौभाग्य है। अनन्य नाम श्रद्धा से भक्ति करने वाला संत का भी संत होता है।

भक्ति में सब कुछ समर्पित कर देने वाले ऐसे भक्त का उद्धार परमात्मा अवश्य करते है।

ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने गुरूवार को ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत दैनिक सत्संग में नाम भक्ति की महिमा की व्याख्या करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि जीवन का कोई न कोई लक्ष्य तय अवश्य होना चाहिए। नामानुराग से बढ़कर कोई भक्ति ओर तत्व नहीं हो सकता।

सेवा में भी यदि अनन्य भाव है तो वह श्रेष्ठ है दिखावे के लिए सेवा नहीं होनी चाहिए। संसार में विरले लोगे होते है जो बिना नाम व फोटो की चाह के भक्ति व सेवा के कार्य करते है।

श्रीमहाराज की कृपा से कुछ भक्त ऐसे होते है जो सेवा में अग्रणी होते पर नाम के मोहताज नहीं होते है।

आचार्यश्री ने कहा कि जीवन में जिसने नाम तत्व ओर नाम मर्मज्ञ को जान लिया उसकी भक्ति सार्थक हो जाती है। भगवान नाम की महत्ता बढ़ाने के लिए भक्त के माध्यम से अद्भुत लीला करते है। शून्य किसी अंक के साथ लग जाए तो उसकी कीमत कई गुणा हो जाती पर शून्य के साथ जुड़े अंक हटा दिए जाए तो वह जीरो हो जाता उसकी कोई कीमत नहीं रह जाती। इसलिए कभी भी अपने को नगण्य नहीं समझना चाहिए।

उन्होंने कहा कि संसार में राम नाम के बिना सब बेकार है। नाम के बिना संसार में कुछ नहीं है। संसार में नाम का सुख मिलता है।

आचार्य रामदयालजी महाराज ने कहा कि संसार में सब काम कर लो पर भगवान का भजन नहीं किया तो सब कार्य निष्फल हो जाएंगे। जीवन में व्यर्थ की चिंता नहीं करनी चाहिए। महापुरूषों ने नाम साधना में ही सब कुछ निहित कर लिया है ओर नाम साधना पर बहुत जोर दिया है। नाम के बिना संसार में कोई है ही नहीं।

आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिया।

प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। चातुर्मास में शुक्रवार को सनातन संस्कृति के विराट पर्व रक्षा बंधन पर सुबह सुबह 9 से 10 बजे तक विशेष प्रवचन होंगे। प्रतिदिन रामधुनी के साथ सुबह 8.30 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ हो रहा है। सूर्यास्त के समय संध्या आरती एवं रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा संत रामजस जी ईडर द्वारा भक्तमाल की कथा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

# राजस्थान में स्वाइन फ्लू के मामले बढ़े, अगस्त में सर्वाधिक 55 मरीज

## जनवरी से अब तक 146 पॉजिटिव केस, स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

देश के कुछ राज्यों, खासकर दिल्ली में एच1एन1 स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों के बीच राजस्थान में भी संक्रमण के मामले बढ़े हैं। प्रदेश में जनवरी 2026 से अब तक स्वाइन फ्लू के 146 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। इनमें अकेले अगस्त माह में 55 मरीज मिले हैं, जो इस साल किसी एक महीने में दर्ज सर्वाधिक मामले हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेशभर में निगरानी बढ़ाते हुए सभी संबंधित चिकित्सा संस्थानों को जांच, उपचार और रेफरल की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि विभाग प्रदेश में स्वाइन फ्लू की स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि जनवरी में 2, फरवरी में 3, मार्च में 20, अप्रैल में 22, मई में 25, जून में 14, जुलाई में 5 और अगस्त में 55 मामले सामने आए। आंकड़ों के अनुसार मई तक मामलों में वृद्धि के बाद जून-जुलाई में कमी आई, लेकिन अगस्त में संक्रमण के मामलों में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**नए या घातक स्ट्रेन की पुष्टि नहीं**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एच1एन1 वायरस के किसी नए अथवा अधिक घातक स्ट्रेन के प्रसार की पुष्टि नहीं हुई है। आईसीएमआर के अनुसार वर्तमान में प्रचलित एच1एन1 वायरस पहले से ही सक्रिय है। विभाग ने लोगों से घबराने के बजाय सावधानी बरतने और फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने पर समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की है।

**बुखार-खांसी को नजरअंदाज नहीं करें**

स्वाइन फ्लू एक श्वसन संक्रमण है। इसके प्रमुख लक्षणों में बुखार, खांसी, गले में खराश, नाक बहना या बंद होना, सिरदर्द, शरीर में दर्द और थकान शामिल हैं। अधिकांश मरीज उचित देखभाल और चिकित्सकीय सलाह से स्वस्थ हो जाते हैं। हालांकि छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों में संक्रमण के कारण जटिलताओं का खतरा अधिक हो सकता है।

**संक्रमण से बचाव के लिए इन बातों का रखें ध्यान**

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से खांसी या छींक आने पर मुंह और नाक को रूमाल, टिश्यू या कोहनी से ढकने की अपील की है। हाथों को साबुन-पानी से बार-बार धोने या हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। बुखार, खांसी अथवा गले में खराश होने पर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें और जरूरत पड़ने पर मास्क का उपयोग करें। पर्याप्त आराम करें और तरल पदार्थों का सेवन करें।

**सांस लेने में तकलीफ हो तो तुरंत अस्पताल जाएं**

विभाग ने स्पष्ट किया है कि सांस लेने में परेशानी, लगातार तेज बुखार, अत्यधिक कमजोरी, ऑक्सीजन स्तर में कमी अथवा अन्य गंभीर लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान या चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। फ्लू जैसे लक्षण होने पर बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक या एंटीवायरल दवाएं नहीं लेनी चाहिए और न ही स्वयं दवा की खुराक तय कर लंबे समय तक दवा का सेवन करना चाहिए। बीमारी की स्थिति में स्कूल, कार्यालय, समारोह या अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचने तथा संक्रमित या लक्षण वाले व्यक्ति के साथ अनावश्यक निकट संपर्क नहीं रखने की सलाह दी गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग स्वाइन फ्लू और मौसमी इन्फ्लुएंजा के मामलों की लगातार निगरानी कर रहा है। सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों को मरीजों की जांच, उपचार और आवश्यकता पड़ने पर रेफरल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



QUICK BITES

## साइबर अपराध से बचाव को लेकर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**मानव तिवाड़ी ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के अध्यक्ष एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के अध्यक्ष के निर्देशानुसार गुरुवार को तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से साइबर अपराध को लेकर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में माइनिंग ऑफिस के पास आयोजित हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल ठगी, पहचान चोरी सहित विभिन्न साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पीएलवी सुनीता नायक एवं गोपाल पाराशर सहित अन्य स्वयंसेवकों ने लोगों को साइबर ठगी होने पर तत्काल कार्रवाई करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने तथा साइबर अपराध की स्थिति में संबंधित माध्यमों से शिकायत दर्ज कराने के लिए जागरूक किया।

इस दौरान भंवर लाल चंदोलिया, नरेंद्र कुमार शर्मा, मदन लाल तेली, महेंद्र मीणा, गुलाब चंद भील, नीलेश सिंह, मुकेश बंजारा, तिलोक रावत, गोपाल जाटव, बबलू मेघवंशी, विजेंद्र सिंह, श्याम लाल बैरवा, चेतराम, नरेश यादव, अनिल बलाई, बहादुर बंजारा, कमलेश शर्मा, अंकित सिंह, मनोज जाटव, शिव धाकड़, रिंकू जाटव, महेश बंजारा, सुमित सेन, सोनू गुजराती, दीपक कुमार शर्मा, मदन लाल धाकड़, पुरुषोत्तम बंजारा, तिलोक बंजारा, अक्षय राजपूत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिले के श्री प्रताप सिंह बारहट राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिगविजय सिंह ने माय भारत पोर्टल की जानकारी देकर की। इस दौरान विद्यार्थियों को लाइव खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम दिखाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा ने की, जबकि संचालन प्रो. मूलचंद खटीक ने किया। महाविद्यालय के स्पोर्ट्स आइकॉन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अंकित मीणा ने स्विमिंग से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक विकास के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इन्हें शरीर एवं आत्मा के विकास का माध्यम बताया।

कार्यक्रम के समापन पर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में स्थानीय खेल रस्साकशी का आयोजन किया गया। छात्र वर्ग में भगत सिंह टीम एवं चंद्रशेखर आजाद टीम के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें भगत सिंह टीम विजेता रही। विजेता टीम के सदस्यों में दिलीप सिंह, भगवान सिंह सैनी, रामदेव कीर एवं मनीष शामिल रहे।

छात्रा वर्ग में महारानी लक्ष्मीबाई एवं अहिल्याबाई होल्कर टीम के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें लक्ष्मीबाई टीम विजेता रही। विजेता टीम की सदस्य पार्वती बलाई, निकिता चौहान, पूजा गुर्जर एवं खुशबू शर्मा रहीं। कार्यक्रम में माय भारत पोर्टल वॉलिंटियर मनसुख कुमावत सहित महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं युवा विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# संस्कृत दिवस पर संतों ने बांटी पाठ्य पुस्तकें, विद्यार्थियों ने संस्कृत में प्रस्तुतियों से दिखाई संस्कृति की झलक

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**मूलचंद पेसवानी।** शाहपुरा में रामस्नेही संस्कृत वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत स्कूल में गुरूवार को श्री सेवा कार्य उम्मेद समिति रामद्वारा गंगापुर के अध्यक्ष रामस्नेही संप्रदाय के वरिष्ठ संत एवं समिति के अध्यक्ष संत गुरूमुखराम महाराज की प्रेरणा से विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण एवं संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

रामनिवास धाम के कार्यवाहक भंडारी संत नवनिधराम महाराज की सानिध्य, पूर्व शिक्षा उपनिदेशक तेजपाल उपाध्याय की अध्यक्षता एवं शाहपुरा के एसीबीईओ डा सतयनारायण कुमावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में स्कूल के सभी विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि संत मस्तराम महाराज, वाणी पाठी कैलाश चंद्र तोषनीवाल, रामद्वारा के व्यवस्थापक रामबक्ष दाखेड़ा, समाजसेवी रामस्वरूप काबरा, महाप्रभु कन्यापीठ के प्राचार्य डा ओमप्रकाश कुमावत, रामप्रकाश सोनी, जयराम नेपाली, पत्रकार मूलचन्द पेसवानी मौजूद रहे। समारोह में संस्कृत स्कूल के विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा में स्वागत वंदन, सरस्वती वंदना, रामचरण वंदना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कन्या भ्रुण हत्या पर नाटक सहित कई प्रस्तुतियां दी। समारोह में संस्कृत स्कूल के प्रधानाचार्य परमेश्वर सुथार व जयशंकर पाराशर ने तिलक लगाकर, दुपट्टा पहना कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए संत नवनिधराम महाराज ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। आज देश के सभी वेद उपनिषद, धार्मिक ग्रंथ संस्कृत भाषा में ही है। संस्कृत को एक बार फिर से जन जन की भाषा बनाने की महत्ती जरूरत है। शाहपुरा में रामस्नेही संस्कृत वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत स्कूल इस दिशा में बेहतर काम कर रहा है।

मुख्य अतिथि डा सत्यनारायण कुमावत ने संस्कृत भाषा में अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत संस्कार व मनुष्यता की भाषा है। इसे आज अंग्रेजी के वैश्विक दौर में भी वैज्ञानिक उपयोग करके कंप्यूटर में इस्तेमाल कर रहे है।

संस्कृत में अध्ययन व अध्यापन, सीखने, मनुष्यता की जिंदगी जीने की काफी गुंजाईष है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संस्कृत श्लोकों का उच्चारण प्रतिदिन करते रहने वालों के मानसिक विकास तेजी से होता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में शिक्षाविद तेजपाल उपाध्याय ने संस्कृत को प्राचीन भारत की भाषाओं की जननी बताते हुए कहा कि सनातन काल से इस भाषा से ही समाज में संस्कार व सस्कृति को अक्षुण्य रखने का कार्य हुआ है। उन्होंने समय काल परिस्थिति में संस्कृत को एक बार फिर से आत्मसात कर संस्कार निर्माण के लिए संस्कृत भाषा को बढावा देने पर जोर दिया। उपाध्याय ने आज के कार्यक्रम में को श्री सेवा कार्य उम्मेद समिति रामद्वारा गंगापुर के अध्यक्ष रामस्नेही संप्रदाय के वरिष्ठ संत एवं समिति के अध्यक्ष संत गुरूमुखराम महाराज की प्रेरणा से विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संत गुरूमुख राम के प्रति नमन होकर कृतज्ञता प्रकट की। प्रधानाचार्य परमेश्वर सुथार ने अंत में सभी का आभार प्रकट करते हुए संस्कृत भाषा के उन्नयन के लिए किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी तथा को श्री सेवा कार्य उम्मेद समिति रामद्वारा गंगापुर के अध्यक्ष रामस्नेही संप्रदाय के वरिष्ठ संत एवं समिति के अध्यक्ष संत गुरूमुखराम महाराज की प्रेरणा से विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण पर संत का आभार नप्रकट किया। समारोह में इसी वर्ष स्कूल से परीक्षा उत्तीर्ण कर एसटीसी में प्रवेश प्राप्त करने वाले तीन छात्रों का भी अभिनंदन किया। बालिकाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पर नकद पारितोषिक दिया गया।

# रक्षाबंधन पर आध्यात्मिक जागृति का संदेश, काछोला में बांधी 'शांति संकल्प की राखी

### व्यसनमुक्त और सकारात्मक जीवन का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



ब्रह्माकुमारीज पाठशाला काछोला में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आध्यात्मिक स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित भाई-बहनों को जीवन में बुराइयों का त्याग कर पवित्रता, शांति और सद्भाव अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भीलवाड़ा से पधारीं ब्रह्माकुमारीज संस्थान की क्षेत्रीय प्रभारी एवं राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी रहीं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि आत्मा का परमात्मा के साथ पवित्र एवं अटूट बंधन है। परमात्मा के साथ सर्व संबंध जोड़कर जीवन में दिव्य गुणों को धारण करना और अपनी बुराइयों का दान देना ही सच्ची राखी का संदेश है।

उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर बांधा जाने वाला रक्षा सूत्र हमें काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे आंतरिक विकारों से स्वयं की रक्षा करने का संकल्प दिलाता है। जब मन और विचार पवित्र होंगे, तभी समाज में वास्तविक शांति और सुरक्षा स्थापित हो सकेगी। उन्होंने रक्षाबंधन को 'शांति संकल्प की राखी' के रूप में मनाने का आह्वान किया।

समारोह के दौरान ब्रह्माकुमारी बहनों ने गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित भाई-बहनों को ईश्वरीय स्मृति का रक्षासूत्र बांधा। सभी ने व्यसन एवं बुराइयों से दूर रहने, तनावमुक्त जीवन जीने तथा सकारात्मक सोच के साथ समाज में शांति और भाईचारा बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मांडलगढ़ विधानसभा सहसंयोजक संदीप सोनी, आसाराम सोनी, दिनेश सोनी, राम मंत्री, श्याम भाई, राधेश्याम भाई, राम भाई सहित लक्ष्मी बहन, मीना बहन, अंतीमा बहन, मिथिलेश बहन, पार्वती बहन, सुशीला बहन, साधना बहन, अनिता बहन, लीला बहन, किशन भाई एवं गायत्री बहन सहित काछोला क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक एवं भाई-बहन मौजूद रहे।

मांडलगढ़ विधानसभा सहसंयोजक संदीप सोनी ने ब्रह्माकुमारीज संस्था के आध्यात्मिक प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन जैसे पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और समाज में सकारात्मकता का संदेश देते हैं।

# रक्षाबंधन को लेकर सजे बाजार, राखियों की खरीदारी ने बढ़ाई रौनक

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को लेकर सवाईपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पर्व नजदीक आते ही बाजार विभिन्न डिजाइनों और रंगों की राखियों से सज गए हैं। बहनें अपने भाइयों की कलाई सजाने के लिए राखियों की जमकर खरीदारी कर रही हैं। वहीं मिठाई की दुकानों पर भी त्योहार को लेकर तरह-तरह की मिठाइयां तैयार की जा रही हैं।

सवाईपुर के साथ बड़ला, बनकाखेड़ा, सोपुरा जाटों का, सालरिया, ढेलाणा, चावंडिया, रेड़वास, जित्यास, नोहरा, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना, कांदा और सोलंकिया का खेड़ा सहित आसपास के कई गांवों में राखियों की दुकानें सज गई हैं। राखी पर्व को लेकर दुकानदारों में भी उत्साह है और बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है।

**बाजारों में बढ़ी चहल-पहल, राखियों की कई वैरायटी उपलब्ध**

राखियों की दुकानों पर स्टोन वर्क, स्टाइलिश राखी, ब्रेसलेट, मोतियों और मेटल से बनी राखियों के साथ भैया-भाभी राखी भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। दुकानदारों ने अलग-अलग डिजाइन और गुणवत्ता के हिसाब से राखियों के दाम निर्धारित किए हैं। शहरों से भी विभिन्न डिजाइनों की राखियां मंगाई गई हैं, जिससे बाजार में खरीदारों को कई विकल्प मिल रहे हैं।

**बच्चों को भा रहीं कार्टून और लाइटिंग वाली राखियां**

बच्चों के लिए बाजार में कार्टून कैरेक्टर और आकर्षक डिजाइन वाली राखियों की विशेष रेंज उपलब्ध है। मोटू-पतलू, छोटा भीम सहित अन्य लोकप्रिय किरदारों वाली राखियों के अलावा घड़ी, स्पिनर और लाइटिंग वाली राखियां बच्चों को खूब पसंद आ रही हैं। अभिभावक भी बच्चों की पसंद के अनुसार रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों की खरीदारी कर रहे हैं।

## गंगापुर के आलोक विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव



भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर

**(दिनेश लक्षकार)** आलोक विद्या मंदिर में विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्था प्रधान रेखा लक्षकार ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के सांस्कृतिक और भावनात्मक महत्व को समझाते हुए प्रेरक प्रसंग सुनाए। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर और नारियल का प्रसाद खिलाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने रक्षाबंधन पर आधारित मधुर गीतिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य रमेश शर्मा, सीमा कंवर, कृष्णा माली, प्रदीप माली, अनिल गर्ग, कुसुमलता शर्मा, सोनाली माली, कोमल सोनी, मीना तेली, कंचन नायक ,अंजली सोनी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। उत्सव ने विद्यार्थियों में आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को और मजबूत किया।

## अर्पिता जीनगर का एलएसआर कॉलेज में चयन

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर



**(दिनेश लक्षकार)** सोमिला इंटरनेशनल स्कूल, गंगापुर की कक्षा 12वीं की मानविकी संकाय की छात्रा अर्पिता जीनगर पुत्री पंकज जीनगर ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन (LSR) में ITEP पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

अर्पिता की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। अर्पिता की सफलता में विद्यालय के ह्यूमैनिटीज विभाग के HOD हेमंत सर के मार्गदर्शन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग ने अर्पिता को सफलता की ओर अग्रसर करने में अहम भूमिका निभाई।

विद्यालय के चेयरमैन चेतन डीडवानिया, डायरेक्टर हर्ष अग्रवाल, सोनाली गुप्ता एवं प्राचार्य शानू शर्मा ने अर्पिता एवं उनके परिजनों को इस उपलब्धि पर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डाक कावड़ के जल से कंवलियास माफी में मंशापूर्ण महादेव का जलाभिषेक किया

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के कंवलियास माफी गांव में गुरुवार को डाक कावड़ के जल से मंशापूर्ण महादेव का जलाभिषेक किया । कांवड़ियों ने बताया कि सावन के पवित्र माह में भोलेनाथ के भक्ति भक्तों के सिर चढ़कर बोल रही हैं, दूर-दूर से कावड़ में जल लाकर भोलेनाथ का अभिषेक किया जा रहा है, इसी के तहत गुरुवार को कंवलियास माफी में डाक कावड़ यात्रा का आयोजन किया, जिसमें युवा मंडल कंवलियास माफी के द्वारा गुरुवार प्रातः 7:15 बजे त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना व भोलेनाथ की परिक्रमा कर जयघोष के साथ गाजे-बाजे से डाक कावड़ यात्रा शुरु की, जो बिगोद, नयागांव, कुड़ी, सवाईपुर, ढ़ेलाणा, बनकाखेड़ा होते हुए कंवलियास माफी गांव पहुंची, जहां ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर डाक कावड़ यात्रा का स्वागत किया । इसके बाद डाक कावड़ यात्रा गांव में मंशापूर्ण महादेव मंदिर पर पहुंची, जहां दोपहर 12:15 बजे पंडित के मंत्रोच्चार के साथ डाक कावड़ के जल से मंशापूर्ण महादेव का जलाभिषेक किया गया, इस दौरान ग्रामीणों ने महादेव से क्षेत्र



व घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की ।।

# माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित हुआ 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत केंद्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थानीय इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की थीम 'खेलो इंडिया संवाद- खेल की बात क्रू के साथ' रही। इसका उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करना, उपलब्ध खेल सुविधाओं की जानकारी देना तथा उन्हें खेल गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की प्रस्तावना माय भारत केंद्र की युवा आइकॉन खुशी शर्मा ने प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी हेमेन्द्र सिंह राणावत ने जिले में उपलब्ध खेल सुविधाओं एवं संसाधनों की जानकारी देते हुए युवाओं को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

भारतीय खेल प्राधिकरण से भारोत्तोलन में राष्ट्रीय युवा स्वर्ण पदक प्राप्त उपेन्द्र सिंह ने खेल सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए युवाओं से उपलब्ध अवसरों का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य श्री बी. एल. जागेटिया ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली एवं खेल संस्कृति से जोड़ने का



संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने खेल सुविधाओं एवं गतिविधियों को बेहतर बनाने के संबंध में सुझाव भी दिए। संचालन विद्यार्थी युवराज सिंह ने किया, जबकि माय भारत के श्री जगदीश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के NCC, NSS, स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थीगण, संकाय सदस्य एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# मौत से वह डरता है जिसकी जिंदगी के बहीखाते गड़बड़ होते है-आचार्य पुलकसागर

## जिंदगी में कुछ मिले न मिले पर मृत्यु जरूर मिलेगी, मृत्यु को महोत्सव बना लो

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिसने इस सृष्टि में जन्म लिया है उसकी मौत अवश्यभांवी है। जिंदगी मौत की अमानत है इसे संभाल कर रखो। हमे पता हो कि हमारे जीन का उद्देश्य क्या है, बिना लक्ष्य तो पशु भी जीया करते है। जिंदगी से मृत्यु का मूल्य वसूल करो। याद रखे कई भवों तक ये आत्मा तड़फी है जब इसे मानव चोला प्राप्त हुआ है। बुढ़ापे में मृत्यु नहीं सुधरने वाली जवानी में जिंदगी को सुधार लो मृत्यु अपने आप सुधर जाएगी। जैसे हमे जीएंगे वैसी ही हमारी मृत्यु होगी। हम हंसकर जीए तो मृत्यु महोत्सव बन जाएगी ओर रो-रो कर जीए मृत्यु मातम बन जाएगी। ये विचार भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से चित्रकूटधाम में आयोजित ज्ञान गंगा महोत्सव में गुरूवार को प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जीवन जीने की कला सिखाते है पर मैं मृत्यु कैसे लानी है ये सिखाता हूं। मनुष्य जन्म में कुछ पद, प्रतिष्ठा, यश, धन पा सकोंगे या नहीं कोई गारंटी नहीं, जिंदगी में कुछ मिले या नहीं पर मौत जरूर मिलेगी। दुनिया में अमर कोई नहीं है, राजा हो या रंक यहां से सभी को जाना है। किसी की अर्थी देखकर ये नहीं कहे कि ये चला गया बल्कि बोले एक दिन मैं भी इसी तरह चला जाउंगा। आचार्यश्री ने कहा कि दुनिया में





कहीं भी चले जाओ मृत्यु से कोई नहीं बच सकता। मृत्यु नहीं आई तो जिंदगी बोझ बन जाएगी। मौत हमे ले जाकर उपकार करती है। मौत मातम नहीं महोत्सव हुआ करती है। मृत्यु नहीं होगी तो आत्मा को नया शरीर कहां से प्राप्त होगा। इसलिए मौत से डरो मत उसे महोत्सव बनाने का प्रयास करो। आचार्य पुलकसागर महाराज ने कहा कि मृत्यु को महोत्सव बनाना है तो जिदंगी में दुश्मनों की संख्या घटाते ओर दोस्तों की बढ़ाते चलो। दुकान के साथ जिंदगी के बहीखाते भी मिलाते चलो। सोने से पहले जिंदगी का हिसाब किताब सुधार लो। मौत से वहीं डरता है जिसके जिंदगी के बहीखाते गड़बड़ होते है। परनिंदा छोड़ अपने भीतर झांकना शुरू कर दे। जिंदगी एक किराए का घर है एक दिन बदलना ही पड़ेगा, मौत जब तुझकों आवाज देंगी घर से बाहर निकलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम जीवन भर कितनी भी धन संपदा जोड़ ले पर याद रखे कफन में जेब नहीं होती, सब कुछ यहीं छूट जाएगा, खाली हाथ आए ओर खाली हाथ ही जाना पड़ेगा। मरने के बाद केवल व्यक्ति का व्यवहार ओर चरित्र ही याद रहता है। अपना व्यवहार ऐसा बनाओ कि किसी के दिल में छुपकर जिंदा रह सको।

### प्रवचन से पूर्व दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन एवं मंगलाचरण

प्रवचन के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन एवं आचार्यश्री के पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट शास्त्रीनगर के पदाधिकरियों ने एवं आचार्य पुलकसागर के सांसारिक बहन मंजूदेवी एवं बहनाई शिरीष जैन ने प्राप्त किया। दिगम्बर जैन महासभा के अध्यक्ष सुनील जैन ने आचार्यश्री को श्रीफल समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सौभाग्यशाली परिवार एवं अतिथियों का स्वागत श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, संयोजक मनीष शाह, सह संयोजक लोकेश अजमेरा आदि पदाधिकारियों ने किया। शास्त्रीनगर बालिका मण्डल की सदस्यों ने मंगलाचरण की प्रस्तुति दी। संचालन चातुर्मास समिति के महामंत्री जयकुमार पाटनी ने किया। भीलवाड़ा शहर एवं आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से सर्व समाज के हजारों लोग ज्ञान की गंगा में डूबकी लगाने के लिए चित्रकूटधाम पहुंचे थे।

### आचार्य पुलकसागर के सानिध्य में रक्षाबंधन पर आज होगा विशेष आयोजन

ज्ञान गंगा महोत्सव के तहत आचार्य पुलकसागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर विशेष आयोजन किया कर मुनि रक्षा का संकल्प लिया जाएगा। ये पर्व उन 700 मुनियों की रक्षा के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा जिन पर घोर उपसर्ग आया था। इस आयोजन के माध्यम से उसी एतिहासिक प्रसंग को नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से सजीव मंचन किया जाएगा। इस अवसर पर मुनियों के प्रति अगाध श्रद्धा निवेदित करते हुए मंत्रोच्चार के साथ 700 श्रीफल समर्पित किए जाएंगे। इस भव्य आयोजन के लिए श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति ने अध्यक्ष प्रवीण चौधरी के नेतृत्व में व्यापक तैयारियां की गई है। ज्ञान गंगा महोत्सव के तहत 30 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 8.30 से 10 बजे तक चित्रकूटधाम में प्रवचन हो रहे है। शाम 7 से 8 बजे तक आनंद यात्रा एवं आरती का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल होकर लाभ प्राप्त कर रहे है।

## QUICK BITES

### रक्षाबंधन पर चंवरा के हनुमान जी महाराज मंदिर में होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**



श्री चंवरा के हनुमान जी महाराज मंदिर में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

आयोजन के तहत आज गुरुवार को रात्रि 8 बजे से विशाल भजन संध्या आयोजित होगी। इसके बाद शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 12:15 बजे महा आरती की जाएगी तत्पश्चात छप्पन भोग एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।

आयोजन में श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में पहुंचने की उम्मीद है। मंदिर से जुड़े आयोजकों ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

### स्कूली बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन उत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**



माली मोहल्ला स्थित सृजन विद्यापीठ विद्यालय में गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर-सुंदर राखी, थाली और बिंदी वाली राखियां बनाई। सभी बच्चों ने बड़े ही उत्साह से इस गतिविधि में भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। राखी बनाने में बच्चों का तमन्ना सरगरा मैडम, कोमल माली मैडम, संगीता दाधीच मैडम और पूजा सेन मैडम ने भरपूर सहयोग किया और बच्चों को राखी बनाने की विभिन्न तकनीकें सिखाई।इस दौरान नीलम पारीक मैडम ने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व से जुड़ी प्रथाएं, परंपराएं और इससे जुड़ी पौराणिक कहानियां सुनाई, जिससे बच्चों को त्योहार के महत्व की जानकारी मिली। अंत में विद्यालय के संस्थापक रोहित त्रिपाठी ने सभी बच्चों और स्टाफ को प्रेम और भाई-बहन के अटूट बंधन के इस उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में हमारी संस्कृति और संस्कारों को मजबूत करते हैं।

### दुर्गा लाल बैरवा बने एससी-एसटी महासभा के भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



अनुसूचित जाति-जनजाति महासभा की ओर से संगठन को मजबूत करने एवं समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने के उद्देश्य से राजपुरा निवासी दुर्गा लाल बैरवा को भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। महासभा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व की ओर से जारी नियुक्ति-पत्र के अनुसार बैरवा को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। नियुक्ति पर दुर्गा लाल बैरवा ने प्रदेश संयोजक लक्ष्मीनारायण परमार, प्रदेश संगठन महासचिव जानकीलाल रेगर, चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष रामेश्वर बैरवा सहित महासभा के समस्त पदाधिकारियों का आभार जताया।

बैरवा ने कहा कि वे महासभा के विधि-विधान एवं मिशन को भीलवाड़ा जिले के गांव-ढाणियों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। समाज के अधिकारों, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और संगठनात्मक मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने कहा कि महासभा के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के लोगों को एकजुट कर सामाजिक चेतना को मजबूत करने तथा जरूरतमंद वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष का पद उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है और वे संगठन के विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### ईमानदारी की मिसाल बने प्राध्यापक बाबूलाल मीणा, 3500 रुपये लौटाकर पेश की मानवता की मिसाल

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्राध्यापक श्री बाबूलाल मीणा ने ईमानदारी और मानवता का परिचय देते हुए रास्ते में मिले 3500 रुपये उनके वास्तविक मालिक को वापस लौटा दिए।

जानकारी के अनुसार विद्यालय परिसर में बाबूलाल मीणा को 500-500 रुपये के सात नोट, कुल 3500 रुपये पड़े मिले। उन्होंने रुपये अपने पास रखने के बजाय विद्यालय के ग्रुप में इसकी सूचना साझा कर दी और रुपये के मालिक का पता लगाने का प्रयास किया।

सूचना मिलने पर विद्यालय के ही प्राध्यापक भंवर लाल मीणा ने बताया कि उनकी जेब से 500-500 रुपये के सात नोट गिर गए हैं। उन्होंने नोटों की संख्या और विवरण की सही जानकारी दी। विवरण का मिलान सही पाए जाने के बाद प्राध्यापक बाबूलाल मीणा ने बिना किसी लालच के पूरी राशि 3500 रुपये भंवर लाल मीणा को वापस लौटा दी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।